# संविदा दरों की प्रस्तुति केलिए सूचना

निम्नलिखित अपेक्षाओं के साथ स्पाइसेस बोर्ड की सार्वजनिक वेबसाइट(indianspices.com) के प्रवासन एवं अनुरक्षण केलिए संविदा-दरें आमंत्रित की जाती हैं।
यह वेबसाइट, माने indianspices.com को PHP 7/MYSQL 5.7.18 में Drupal प्लैटफ़ार्म का प्रयोग करते हुए विकसित किया गया था और Apache सर्वर में चालू है।

**कार्य का दायरा**

indianspices.com का वर्शन उन्नयन, सुरक्षा भेद्यताओं को ठीक करना, एक सुरक्षित सर्वर पर प्रवासन, होस्टिंग करना और अनुरक्षण

1. कंपनी, मौजूदा वेबसाइट (अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण दोनों) के सुरक्षा मुद्दों को हल करेगी, जैसे वेबसाइट का पुनर्निर्माण करना और स्थैतिक पृष्ठों को, संभव सीमा तक परिवर्तित करना, मौजूदा वेबसाइट के कोड को बदलना या नए स्थिर ढांचे में परिवर्तन करना आदि।
2. कंपनी, उपरोक्त प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 2 वर्ष की अवधि के लिए भारत में स्थित क्लाउड / डेटा सेंटर में वेबसाइट के स्थिर संस्करण होस्ट करेगी।
3. कंपनी, सॉफ्टवेयर से संबंधित मुद्दों और सामग्री अद्यतन के लिए 2 साल की अवधि के लिए समर्थन प्रदान करेगी।
4. कंपनी, सुरक्षा मुद्दों सहित सभी मुद्दों को हल करेगी, जो रखरखाव अवधि के दौरान हो रहे हैं।
5. संशोधित वेबसाइट की कार्यक्षमता, वर्तमान वेबसाइट indianspices.com जैसी ही होगी।
6. वेबसाइट के लिए एक घंटे से अधिक का कोई डाउन टाइम नहीं होगा।
7. कार्य आदेश देने की तारीख से 2 महीने के भीतर वेबसाइट के स्थिर संस्करण को होस्ट किया जाना है।
8. विक्रेता पूरे स्रोत कोड और डेटाबेस स्पाइसेस बोर्ड को उपलब्ध कराएगा।
9. सॉफ्टवेयर का स्रोत कोड और किसी भी तीसरे पक्ष की लाईब्रेरी (यदि स्रोत कोड के किसी भी एन्कोडिंग / एन्क्रिप्शन किया जाता है, तो एन्कोडिंग / एन्क्रिप्शन के बिना मूल स्रोत कोड) को स्पाइसेस बोर्ड को प्रदान किया जाना चाहिए। यदि किसी भी थर्ड पार्टी लाईब्रेरी / कोड / प्लग-इन का उपयोग किया जाता है, तो खुला स्रोत होगा।
10. विक्रेता को दैनिक साप्ताहिक और मासिक आधार पर अनुप्रयोग और डेटाबेस का बैकअप सुनिश्चित करना चाहिए।

11. लागत में 3 भाग शामिल होंगे। (क) वर्शन उन्नयन और प्रवासन लागत (ख) होस्टिंग शुल्क (ग) 2 साल के लिए एएमसी चार्ज

12. कोई अग्रिम भुगतान नहीं होगा। नए होस्टिंग वातावरण में वेबसाइट के सफल प्रवास के बाद प्रवासन की लागत का भुगतान किया जाएगा। संतोषजनक सेवा के अधीन, प्रत्येक 6 महीने के अंत में होस्टिंग और एएमसी शुल्क दिया जाएगा।

मूल्य बोली, निम्नलिखित फॉर्मेट में प्रस्तुत की जानी है:

| # | मद | कुल लागत-रुपए में |
|---|---|---|
| क | वर्शन उन्नयन और प्रवासन लागत (लागू कर सहित) | |
| ख | होस्टिंग शुल्क (लागू कर सहित) | |
| ग | 2 साल के लिए एएमसी चार्ज (लागू कर सहित) | |

प्रस्ताव को, ऊपर "वेबसाइट के प्रवासन एवं रखरखाव केलिए प्रस्ताव" लिखे मुहरबंद लिफाफे में स्पीड़ पोस्ट/पंजीकृत ड़ाक के ज़रिए / दस्ती प्रस्तुत किया जाना है ताकि निम्नलिखित पते पर 23 अगस्त, 2019 को दोपहर बाद 3.00 बजे के पहले प्राप्त हो जाए।

उप निदेशक(ईडीपी)
स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध भवन,
एन एच बाई पास, पालारिवट्टम, कोचीन-25
टेली. : +91-484-2333603
ई-मेइल: jijesh.das@nic.in

संविदाएँ, स्पाइसेस बोर्ड के मुख्यालय के समिति कक्ष में दोपहर बाद 3.30 बजे को खोली जाएंगी। कोई भी संविदा प्रतिभागी, संविदाओं के खोलते समय उपस्थित होना चाहते हैं, तो वे ऐसा कर सकते हैं।

यह अनुमान है कि उपरोक्त कार्य की लागत 2.5 लाख रुपए से कम है। इसलिए, जीएफआर 155 के तहत प्रावधानों के अनुसार संविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

उप निदेशक (ईडीपी)